
## Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सांसद अजय भट्ट ने सीएए के समर्थन में जसपुर में की रैली

**रैली**

## बोले- भयभीत न हो मुस्लिम समाज, सौ फिट का तिरंगा आकर्षक का केंद्र रहा



**संवाददाता**

जसपुर। नैनीताल–ऊधम सिंह नगर के सांसद अजय भट्ट व पूर्व विधायक डॉ.शैलेंद्र मोहन सिंघल की उपस्थिति में शनिवार को सुभाष चौक से सीएए के समर्थन में जनजागरूक रैली निकाली गई। इस दौरान सौ फिट का तिरंगा आकर्षक का केंद्र रहा। रैली नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए झंडा चौक पर समाप्त हुई।

जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद अजय भट्ट ने बताया कि सीएए नागरिकता देने का कानून है न कि किसी की नागरिकता छीनने का। कांग्रेस एवं अन्य पार्टियां दुष्प्रचार से नागरिकों को गुमराह कर देश में अराजकता का माहौल पैदा कर रही हैं। नौजवानों के कंधों पर बंदूक रखकर यह लोग देश में अशांति फैला रहे हैं।

**अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने का है कानूनः** सांसद भट्ट ने कहा कि सीएए के बाद पाकिस्तान, बांगलादेश एवं अफगानिस्तान में रह रहे हिंदुओं को भारत में नागरिकता मिल सकती है।

उन्होंने कहा कि रोहंगिया मुस्लिमों को कभी भी इस देश में नहीं बसने दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह ने आश्वस्त किया कि किसी भारतीय नागरिक के अधिकारों पर न कोई खतरा था, न है और न होगा। इससे पहले अजय भट्ट के यहां पहुंचने पर भाजपाइयों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सुधीर विश्नोई, डॉ.सुदेश, गुरताज सिंह भुल्लर, सरपंच सरवन, मुकेश कुमार, गुरचरन सिंह तोता, मनोज पाल, बलराम तोमर, दूल्हे खां, फिरासत, कृति त्यागी, खिलेंद्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

**ड्रोन से हुई रैली की निगहबानी** शनिवार को यहां रैली में बड़ी संख्या में लोग सीएए के समर्थन में बैनर लेकर आए। रैली के बीच में लोग सौ फिट का तिरंगा लेकर चल रहे थे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रैली के समापन तक एएसपी राजेश भट्ट, सीओ मनुज ठाकुर एवं एसडीएम सुंदर सिंह कोतवाली में जमे रहे। पुलिस ने रैली की ड्रोन कैमरे से निगहबानी भी कराई। इसके अलावा दो इंस्पेक्टर, 15 सब इंस्पेक्टर ढाई कंपनी पीएसी समेत सौ पुलिस कर्मी भी तैनात रहे।

## न्यूज डायरी

### रक्तदान कर किया सुरक्षा को जागरूक

**संवाददाता** गोपेश्वर। सड़क सुरक्षा सप्ताह में पुलिस ने जवानों अधिकारियों ने रक्तदान के साथ वाहन चालकों को यातायात नियमों को पाठ पढ़ाया। चमोली पुलिस ने जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें थानाध्यक्ष सतेंद्र सिंह नेगी ,उपनिरीक्षक यातायात दिगंबर उनियाल ने एक एक यूनिट रक्तदान कर सड़क सुरक्षा सप्ताह की शुरूआत की। चमोली में भी पुलिस ने हाईवे पर वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के साथ नशे से दूर रहने की अपील की। वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी के साथ सफर में लोगों की मदद के लिए भी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। पुलिस ने कहा कि अधिकतर दुर्घटनाएं चालक की लापरवाही से होती रहती हैं। जिसमें खुद चालक सहित सवार लोगों की जिदगी का सवाल होता है। ऐसे में वाहन चालकों को नशे से दूर रखकर सावधानी से वाहन को चलाना चाहिए।

### शताब्दी एक्सप्रेस शताब्दी का प्राइमरी सेफ्टी स्प्रिंग फिर टूटा

**संवाददाता** हल्द्वानी। शताब्दी एक्सप्रेस के सी–4 कोच का प्राइमरी सेफ्टी स्प्रिंग शनिवार को टूट गया। कर्मचारियों की नजर पडने से समय रहते बड़ा हादसा टल गया। करीब एक माह के भीतर यह तीसरी बार है जब कोच का स्प्रिंग टूटा है। इस बीच दिल्ली जाने वाले 78 यात्रियों का टिकट कैंसिल कर दिया गया। आइआरसीटीसी से कैंसिलेशन का मैसेज मिलते ही यात्रियों ने बस स्टेशन का रुख किया और दिल्ली रवाना हुए। काठगोदाम से शताब्दी शनिवार को दिल्ली रवाना होने वाली थी। इस बीच यांत्रिक विभाग के कर्मचारियों ने जांच की तो पता चला कि पहियों के पास लगी स्प्रिंग टूटी है। मुख्यालय के आदेश पर सी–4 कोच को इंजन से अलग कर दिया गया। वहीं सीई कोच के 78 यात्रियों का टिकट कैंसिल कर दिया गया।

### रवांल्टा को राजस्थान में मिला बाल साहित्य भूषण सम्मान

**संवाददाता** उत्तरकाशी। साहित्य मंडल श्रीनाथद्वारा (राजस्थान) की ओर से आयोजित भगवती प्रसाद देवपुरा स्मृति बाल साहित्य समारोह में साहित्यकार महावीर रवांल्टा को भगवती प्रसाद देवपुरा बाल साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। रवांल्टा को यह सम्मान राष्ट्रभाषा हिदी एवं बाल साहित्य के उन्नयन में अनुपम योगदान के लिए दिया गया। साहित्य मंडल के सभागार में आयोजित समारोह में साहित्यकार रवांल्टा को शॉल एवं सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीवी जोशी भी उपस्थित हुए।

## बर्फ में फंसे सात छात्रों में से एक की मौत

**संवाददाता** देहरादून। बड़कोट में बर्फबारी के कारण रास्ते बंद हो जाने के बाद भी उत्तरकाशी जा रहे जो छात्र राडी घाटी में फंस गये थे, उन्हें भले ही बीती रात एसडीआरएफ की टीम द्वारा रेस्क्यू कर लिया गया हो लेकिन इनमें से एक छात्र अनुज सेमवाल की सर्दी के कारण मौत हो गयी है।

बड़कोट आईटीआई में पढ़ने वाले इन सात छात्रों द्वारा गत शाम स्कूल के प्राचार्य को फोन पर अपने साथी की तबियत बिगड़ने और बर्फ में फंस जाने की सूचना दी गयी थी। जिसके बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन और एसडीआरएफ की टीमों द्वारा इनके रेस्क्यू का काम शुरू कर दिया गया था। जहां यह छात्र फंसे हुए थे वहां राडी घाटी में ओरछा बैंड से सिल्क्वारा बैंड तथा 15–20 किलोमीटर तक सड़क पर दो से तीन फीट तक बर्फ पड़ी हुई थी।

अनुज के साथी छात्रों का कहना है कि एक जगह बर्फ में पैर फिसलने के कारण अनुज के जूते बर्फ के अन्दर ही रह गये जिसके कारण उसे बर्फ पर नंगे पैर ही चलना पड़ रहा था। सर्दी के कारण उसे दिक्कत हो रही थी तथा उसकी हिम्मत भी जवाब देने लगी थी। उसका रक्त संचार भी प्रभावित होने लगा था जिसके बाद उन्होंने मदद के लिए प्राचार्य को सम्पर्क किया। अनुज को उपचार भी दिया गया लेकिन उसने रात ही दम तोड़ दिया था।

## भेल में मनाया गया विश्व हिंदी दिवस

**दीप प्रज्वलन**

हरिद्वार। **संवाददाता**



हिंदी व्याख्यान के दौरान शाल उढ़ाकर स्वागत करते हुए।

विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में बीएचईएलए हरिद्वार द्वारा एक हिंदी व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट वक्ता डॉ बिचार दास पूर्व निदेशक, केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो एवं केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान नई दिल्ली द्वारा माँ सरस्वती के माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से हुआ।

समारोह को सम्बोधित करते हुए डॉ बिचार दास ने सरल हिंदी के प्रयोग पर विशेष बल दिया । एक तकनीकी संस्थ्थान होने के कारण बीएचईएल में हिंदी के शतप्रतिशत प्रयोग में आने वाली समस्ध्याओं पर डॉ दास ने न केवल स्पष्टीकरण दिया अपितु प्रतिभागियों को हिंदी प्रयोग के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रोत्साहित भी किया।

कार्यक्रम में केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली से हिंदी प्रशिक्षण के सफल हिंदीतर कर्मचारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। संस्थान के विभिन्न वरिष्ठ अधिकारियों ने डॉ विचार दास को शॉल एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित भी किया। समारोह में संस्थान के प्रख्यात कवियों भूदत्त शर्मा और सत्यदेव सोनी ने सभी प्रतिभागियों को अपनी रचनाओं के माध्यम से हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इसके पहले अभियांत्रिकी विभाग के अपर महाप्रबंधक राजेश शर्मा ने विशिष्ट वक्ता एवं सभी हिंदी प्रेमियों का स्वागत किया।

## देशभर में विश्वविद्यालयों में चालू हो ज्ञानदीक्षा कार्यक्रमः डॉ.रावत

**संवाददाता**

हरिद्वार। देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ प्रणव पण्ड्या ने कहा कि जो आचरण से शिक्षा दें वही आचार्य है और ऐसे आचार्यगण ही विद्यार्थियों को चरित्रवान बना सकते हैं। कुलाधिपति डॉ पण्ड्या देसंविवि के 36वें ज्ञानदीक्षा समारोह की अध्यक्षता करते हुए नवप्रवेशी विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह समय अपने कठिन दौर में है, ऐसे समय में युवा शक्ति को जाग्रत करने के लिए उनके आंतरिक ऊर्जा को जगाना होगा। युवाओं में संस्कृति व संस्कार के बीज बोने होंगे।

### तक्षशिला व नालंदा विवि का वर्तमान स्वरूप है देसंविविः कौशिक

विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों को चरित्रवान बनाये जाने चाहिए, शिक्षण संस्थानों में राजनीति नहीं होनी चाहिए। डॉ. पण्ड्या ने कहा कि जिस तरह चाणक्य ने अपने ज्ञान व चरित्र से शिक्षित कर अपने शिष्यों को भारतीय संस्कृति को विश्व के कोने–कोने में फैलाने के लिए भेजा था, उसी तरह देसंविवि के विद्यार्थी भारतीय संस्कृति एवं संस्कार के लिए समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि 2020 एक नई क्रांति लेकर आया है। समारोह के मुख्य अतिथि नगर विकास मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि किसी समय तक्षशिला व नालंदा विश्वविद्यालय का जो स्वरूप हुआ करता था, उसी तरह आज देवसंस्कृति विश्वविद्यालय का स्वरूप दिखाई देता है। यहाँ जो संस्कार मिलता है, उससे युवाओं में भारतीय संस्कृति के प्रति रुझान पैदा होता है।

कौशिक ने कहा कि विश्वविद्यालय हमेशा बदलाव का केन्द्र रहा है। विश्वविद्यालयों के संस्कारों ने देश को नई दिशा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ज्ञानदीक्षा समारोह युवाओं में ऐसे ही सुसंस्कार के बीज बोने का काम करता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में जब कभी कोई दैवीय या प्राकृतिक आपदा आती है, वहाँ शांतिकुंज परिवार सबसे पहले सहयोग के लिए खड़ा मिलता है।

## डबल डेकर बसों के संचालन पर उठाए सवाल

**संवाददाता** देहरादून। उत्तर प्रदेश के कन्नौज में एक भीषण सड़क दुर्घटना के बाद आग का गोला बनी डबल डेकर बस जिसमें 11 यात्रियों की जिन्दा जलकर मौत हो गयी तथा 35 से अधिक यात्री झुलस गये, का संज्ञान लेते हुए उत्तराखण्ड परिवहन निगम कर्मचारी यूनियन ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को खत लिखकर इन बसों के संचालन पर सवाल खड़े कर दिये है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश की सौ के करीब डबल डेकर बसें उत्तराखण्ड आती हैं। कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा इन बसों में सफर को असुरक्षित बताते हुए पत्र में कहा गया है कि इन बसों का निर्माण मानकों के अनुरूप नहीं है तथा इनका संचालन भी नियमों को ताक पर रखकर किया जा रहा है जो अत्यन्त ही खतरनाक है। जिसके कारण कभी भी कन्नौज से भीषण दुर्घटना हो सकती है। पत्र में कहा गया है कि इन बसों की बाडी मैनिफक्चरिंग मानकों के अनुकूल नहीं है। इन्हे अधिक सुविधाजनक बनाने तथा स्लीपर कोच बनाने के लिए इनकी ऊचांई तथा चौड़ाई को मानकों के विपरीत अधिक रखा गया है।